# 2023

## HINDI

## ( MIL Communication )

Paper : HIN-AE-1014

( हिन्दी व्याकरण और संप्रेषण )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) सर्वनाम किसे कहते हैं?

(ख) 'ऐश्वर्य' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए।

(ग) एकशब्द में उत्तर दीजिए :

'जिसका कोई शत्रु उत्पन्न न हुआ हो'

(घ) अव्ययीभाव समास किसे कहा जाता है?

(ङ) 'अन्' उपसर्ग जोड़कर एक शब्द बनाइए।

(च) किसी एक संयुक्त व्यंजन का उल्लेख कीजिए।

(छ) 'देश की सम्मान की रक्षा करो।' वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए।

(ज) 'हाथ बटाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(झ) 'कम्युनिस (Communis)' किस भाषा का शब्द है?

(ञ) संक्षेपण का आशय क्या है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं? एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(ख) उदाहरण-सहित सार्वनामिक विशेषण के बारे में बताइए।

(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

उत्कर्ष ; आयात ; अनुज ; निन्दा।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयुक्त कीजिए :

अंधों में काना राजा ; ऊँची दूकान फीके पकवान ; नाच न जाने आँगन टेढ़ा ; होनहार बिरवान के होत चीकने पात।

(ङ) संप्रेषण के किन्हीं दो महत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) स्वर और व्यंजन ध्वनियों में निहित पाँच अंतर रेखांकित कीजिए।





(ख) निम्नलिखित समास-विग्रहों के सामासिक पदोल्लेख कीजिए :

*(i)* जैसा संभव हो

*(ii)* परम है जो आनंद

*(iii)* तीन रंगों का समूह

*(iv)* पीत है अम्बर जिसका

*(v)* पाप और पुण्य

(ग) शब्द-शुद्धि क्या है? उदाहरण-सहित टिप्पणी लिखिए।

(घ) संप्रेषण को परिभाषित करते हुए उसकी किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान' का भाव-पल्लवन कीजिए।

(च) तुलनात्मक विशेषण के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) मात्रा, जीभ के भाग तथा ओठों की स्थिति के आधार पर स्वर-ध्वनियों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

क्रिया किसे कहते हैं? क्रिया के प्रमुख प्रकारों का विवेचन कीजिए।

(ख) अव्यय किसे कहते हैं? अव्यय के भेदों को उदाहरण-सहित रेखांकित कीजिए।

**अथवा**

हिन्दी भाषा में प्रयुक्त प्रत्यय और उपसर्ग के भेदों का विवेचन कीजिए।

(ग) समास के भेदोपभेदों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

वाक्य में होने वाली प्रमुख अशुद्धियों पर आलोकपात कीजिए।

(घ) संप्रेषण के प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

अधोलिखित अवतरण का संक्षेपण प्रस्तुत करते हुए उपयुक्त शीर्षक दीजिए :

वर्तमान युग में जिस भीषणता के साथ जीवन-संघर्ष चल रहा है, उसमें वह व्यक्ति कभी भी विजयी नहीं हो सकता, जो चुपचाप बैठकर अति दीर्घकाल तक सोचता-विचारता रहेगा। यहाँ तो वही टिक सकता है, जिसमें काफी स्फूर्ति है, जो दूसरों को ढकेलकर आगे बढ़ सकता है। नहीं तो जो उससे ताकतवर है उसे किनारे ढकेल देगा और आप आगे बढ़ जायेगा। अगर तुम इस जीवन में कुछ करना चाहते हो, अगर तुम्हें अपना जीवन सफल बनाना है, तो तुम्हें प्रत्युत्पन्नमति होना चाहिए, अपने निर्णय पर दृढ़ रहना चाहिए और उस पर जमकर काम करना चाहिए। जिस व्यक्ति में ये गुण पाये जाते हैं, उसमें अन्य गुणों का समावेश भी रहता है।

★★★